कोटा में कांग्रेस पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की, भाजपा की अनसुइया गोस्वामी मेयर बनीं

जीते हुए पूरे पार्षदों का भी समर्थन हासिल नहीं कर पाई कांग्रेस दावेदार

कोटा, (निसं)। नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अनुसुइया गोस्वामी मेयर चुनी गई हैं। शुक्रवार को हुए मतदान में उन्हें 65 वोट मिले हैं, जबकि कांग्रेस कैंडिडेट सुनीता कुमारी सुमन को 35 वोट मिले। कांग्रेस के 39 पार्षद जीते थे, जबकि एक निर्दलीय ने कांग्रेस में शामिल होकर समर्थन दिया था। ऐसे में साफ है कि कांग्रेस के पांच पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की है। चुनाव में जीत हासिल करने के बाद मेयर अनुसुइया ने पदभार ग्रहण किया।

कोटा मेयर चुनाव में पार्षदों के मतगणना के बाद स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस अभी भी अपने अंतरकलह से बाहर नहीं आ पई है। शुरुआत से यह माना जा रहा था कि नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व विहनता, गुटबाजी के चलते जीती बाजी हार गई है। अब मेयर चुनाव में कांग्रेस के सिंबल पर जीते हुए पार्षदों का समर्थन भी कांग्रेस की मेयर दावेदार को न मिलाना कोटा कांग्रेस की कमजोरी माना जा रहा है। नगर निगम कोटा में 100 वार्ड से पार्षद चुने गए थे जिनमें भाजपा के 57 और कांग्रेस के 39 थे, जबकि चार निर्दलीय थे। इनमें वंदना फौजदार और कौशल किशोर शर्मा ने भाजपा को समर्थन दिया जिससे भाजपा के 59 वोट हो गए थे। वहीं कांग्रेस 40 पार्षदों का समर्थन बता रही थी। वोट डालने के लिए पहुंचे निर्दलीय राहुल माथुर ने भी भाजपा के जीतने की संभावना जताई थी।

कोटा में अनुसूया गोस्वामी चौथी महिला महापौर है। अनुसुइया को पदभार ग्रहण करवाने के लिए विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, राकेश जैन व नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला पहुंचे। नगर निगम में कमिश्नर ओपी मेहरा ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया है।

कोटा नगर निगम मेयर चुनाव में भाजपा की अनसुइया गोस्वामी महापौर चुनी गई है।

- मतदान में भाजपा की अनुसुइया गोस्वामी को 65, कांग्रेस की सुनीता कुमारी सुमन को 35 वोट मिले

अनुसुइया ने कहा कि वह कह कर नहीं, करके ही बताएंगी। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के कैडर वाली कार्यकर्ता रहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 'मैं जमीन से जुड़ी हुई कार्यकर्ता रही हूं। हमारे सभी पार्षद और अधिकारी मिलकर नगर निगम को काफी आगे लेकर जाएंगे। क्रॉस वेटिंग पर उन्होंने कहा कि दूसरे पार्षदों ने भी भरोसा जताया है। उन्होंने दावा किया कि वो किसी के संपर्क में नहीं थी। पार्षद प्रत्याशियों पर भी पूरा विश्वास था। किसी को भी बाड़ेबंदी में नहीं रखा गया था।

बाइक चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर की देवनगर पुलिस ने बाइक चोरी के प्रकरण का खुलासा करते हुए दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर गाड़ी को भी बरामद किया है। अन्य वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर अठिाम पड़ताल जारी है। गाड़ी यूआईटी कॉलोनी मसूरिया से 12 सितंबर को चोरी हुई थी। इसमें परिवादी शुभम दाधीच ने दी। देवनगर पुलिस के अनुसार प्रकरण दर्ज कर अब दो आरोपियों चाणक्य नगर, पहाड़गंज द्वितीय निवासी श्यामलाल और मूलत: भोजासर हाल पहाड़गंज द्वितीय निवासी मनीष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी गाड़ी को बरामद किया।

वहीं जोधपुर के निकटवर्ती मथानिया पुलिस थाना क्षेत्र में गत सप्ताह एक कारखाने से मशीनरी सामान चोरी होने के प्रकरण में पुलिस ने दो आरोपियों दिलीप और विक्रम को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इनकी निशानदेही पर चोरी का माल बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

घायल युवक की मौत

रुदावल-भरतपुर, (निसं)। बयाना-रुदावल रोड पर हनुमान मंदिर के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रुदावल थाना पुलिस ने बताया कि गांव सादपुरा निवासी रिंकू पुत्र बदनसिंह की ओर से रुदावल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि उसके भाई सुगडसिंह की हादसे में मौत हो गई।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
कार्या. अधीक्षण अभियंता (उत्पादन वृत्त), बांसवाड़ा, फोन: 02962-251252, मो. 9413349831

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति / कार्यों हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जाती है:- 64 (RVU2627WSOB01241) आर एंड एम जॉइनरी कार्य, 65 (RVU2627GSOB01233) ट्रांसफार्मर ऑयल फिल्टर मशीन, 66 (RVU2627WSOB01238) बैडमिंटन कोर्ट का रखरखाव, 67(RVU2627WSOB01256) स्विचयार्ड माही PH-I के एएमसी का अनुबंध। निविदा विवरण वेबसाइट www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/26/10770 RVUN/PR-4471 अधीक्षण अभियंता (उत्पादन)

कार्यालय उप वन संरक्षक, जालोर

खुली निविदा सूचना संख्या-41, 42, 43, 44, 45, 46, 47/2026-27 इस कार्यालय द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु खुली निविदा जारी की गई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

S. No.	NIB Code	UBN Code	कार्य का नाम	निविदा की अंतिम तिथि
1	FOR2627 A1681	FOR2627 WSLB02519	Barbed wire with weldmess jali fencing at Meda Raniwara	30-09-2026
2	FOR2627 A1682	FOR2627 WSLB02520	Barbed wire with weldmess jali fencing at Varetha Raniwara	30-09-2026
3	FOR2627 A1683	FOR2627 WSLB02523	Barbed wire with weldmess jali fencing at Pal Raniwara	30-09-2026
4	FOR2627 A1689	FOR2627 WSLB02526	Barbed wire with weldmess jali fencing at Charpatiya Raniwara	30-09-2026
5	FOR2627 A1691	FOR2627 WSLB02531	Drip Irrigation System (Supply and Installation) at LKV Jalore	30-09-2026
6	FOR2627 A1694	FOR2627 SSLB02533	रेंज जालोर के लव कुश वाटिका कालाघाटा मे पौध खरीद एवं परिवहन कार्य	30-09-2026
6	FOR2627 A1695	FOR2627 SSLB02534	रेंज रानीवाडा मे रोड साईड पौधारोपण के लिए पौधे क्रय	30-09-2026

उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी http://sppp.raj.nic.in से डाउनलोड कर देखी जा सकती है एवं मोहरबंद निविदा जमा करवाकर निविदा प्रक्रिया में भाग लिया जा सकता है।

(जयदेवसिंह चारण)
उप वन संरक्षक,
जालोर

DIPR/C/16451/2026

कार ने मां-बेटी सहित तीन को कुचला, दो की मौत

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले में तेज रफ्तार कार ने मां-बेटी सहित तीन महिलाओं को कुचल दिया। हादसे में दोनों महिलाओं की मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। तीनों खेत से घर लौट रही थीं। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। तीनों घायलों को सादुलशहर के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। घायल लड़की को सादुलशहर के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया।

हादसा गुरुवार शाम 7:30 बजे सादुलशहर थाना क्षेत्र में अबोहर-हनुमानगढ़ स्टेट हाईवे पर 9 केआरडब्यू के पास हुआ। हादसे में सलो (55) पत्नी साहबराम ओड़, कलो (55) पत्नी दुलीचंद ओड़ की मौत हो गई। सलो की 30 साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद कार ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर में वार्ड नंबर 12 निवासी सलो, कलो और सलो की बेटी अपने खेतों में करने के बाद पैदल घर लौट रही थीं। तीनों अबोहर-हनुमानगढ़ स्टेट हाईवे पर किनारे चल रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने तीनों को कुचल दिया। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को सादुलशहर के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सलो और कलो को मृत घोषित कर दिया।

भाजपा के प्रसन्नचंद मेहता 53 वोट हासिल कर जोधपुर के महापौर बने

जोधपुर, (कासं)। भाजपा के प्रसन्नचंद मेहता जोधपुर नगर निगम के नए महापौर बन गए हैं। जीत के बाद समर्थक कंधे पर बैठाकर उन्हें निगम परिसर से बाहर लेकर आए। जीत के बाद मेहता ने कहा कि उन्हें 53 वोट मिले हैं। दीपावली पास आ रही है, इसलिए सबसे पहले शहर की सड़कों को लेकर काम होगा।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले प्रसन्नचंद मेहता संगठन के पुराने सिपाही हैं और भाजपा में जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे कई अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के भी नजदीकी है। बीजेपी के प्रसन्नचंद मेहता को 53 वोट मिले। वहीं कांग्रेस के राजेंद्र सोलंकी को 47 वोट मिले। भाजपा के पास 45 और कांग्रेस के पास 44 पार्षद थे। वहीं, 10 निर्दलीय और एक आरएलपी का प्रत्याशी पार्षद बना था।

- भाजपा के पास 45, कांग्रेस के पास 44 पार्षद थे, 10 निर्दलीय और एक आरएलपी का पार्षद बना था

इसके बाद 7 निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा को समर्थन देते हुए पार्टी की सदस्यता ली थी।

शेखावत ने दी बधाई :- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री एवं जोधपुर सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने निर्वाचित महापौर प्रसन्नचंद मेहता एवं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई दी। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि प्रसन्नचंद मेहता के साथ काम करने का मेरा लंबा अनुभव है। वे कर्मशील और ईमानदार जनसेवक हैं तथा जोधपुर के जन-मन से भली-भांति जुड़े हुए हैं। इस महत्वपूर्ण दायित्व के निर्वहन के लिए वे सर्वथा योग्य हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नित नए अध्याय लिख रहा है। इस विकास यात्रा को जोधपुर की शहर सरकार भी नई गति प्रदान करेगी। शेखावत ने कहा कि जोधपुर के नागरिकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने तथा शहर के सर्वांगीण विकास के लिए नागरिकों ने जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसे हम सभी मिलकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

केंद्रीय मंत्री ने भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करते हुए जोधपुर के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

कांग्रेस ने लगाया गोपनीयता भंग करने का आरोप :- महापौर के लिए वोटिंग के दौरान मतपत्रों की गोपनीयता को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि मतपत्रों पर जानबूझकर क्रमांक (सीरियल नंबर) डाले गए हैं।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष और पार्षद नरेश जोशी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चुनावी इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब किसी पार्षद को जारी किए गए मतपत्र पर क्रमांक अंकित किया गया हो। इस प्रक्रिया से मतदान की गोपनीयता पूरी तरह खत्म हो गई है, क्योंकि अब आसानी से यह पता लगाया जा सकता है कि किस पार्षद ने किसे वोट दिया है।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड-अलवर

क्रमांक :- 988 दिनांक : 23.09.2026

ई-निविदा सूचना संख्याः 19/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से

1	Electric Repair and maintenance work in Court Complex Laxmangarh at Sikar
2	Electric Repair and maintenance work in Court complex Fatehpur at District Sikar
3	Electric Repair and maintenance work in Court complex Nawalgarh at District Jhunjhunu
4	Electric repair & maintanance work in court complex at Khandela district Sikar
5	Electric Repair and maintenance work in Record Room and Court complex Reengus at District Sikar
6	Electric Repair and maintenance work in Court complex Pilani at Distt. Jhunjhunu
7	Electric Repair and maintenance work in Record Room and Court Complex Neemkathana at Distt. Sikar
8	Electric Repair and maintenance work in Court Complex Chirawa at Distt. Jhunjhunu
9	Electrification work in Construction of Samudayik Bhawan Ladpur, Ramgarh Distt. Alwar
10	Electric repair and maintenance work at Staff quarters at Bikaner House and Jodhpur House New Delhi.
11	Electric Repair and Maintenance works in Advocate Chambers at Dausa
12	Electric Repair and Maintenance Work in 13 Courts at Dausa HQ.
13	Repair and Maintenance of Electric lines in Court Complex at Mahwa Distt. Dausa

उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, से निर्धारित प्रपत्र में निम्न कार्य मय दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरीयड) शर्त सहित सा.नि.वि., राजस्थान, जयपुर में विद्युत कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.dipronline.org" पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण "https://eproc.rajasthan.gov.in" एवं "sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया "https://eproc.rajasthan.gov.in" पर ऑन लाईन सम्पादित की जावेगी।

UBN NO.
PWD2627WSOB12896, PWD2627WSOB12898, PWD2627WSOB12902, PWD2627WSOB12905, PWD2627WSOB12906, PWD2627WSOB12907, PWD2627WSOB12908, PWD2627WSOB12909, PWD2627WSOB12910, PWD2627WSOB12911, PWD2627WSOB12912, PWD2627WSOB12913, PWD2627WSOB12914

(आदित्य जौहरी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. विद्युत खण्ड-अलवर

DIPR/C/16407/2026

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

निविदा आमंत्रण सूचना

इच्छुक निविदाकारों से अधीक्षण अभियंता (प्र.एवं.नि.), अजमेर के अधीन ई-निविदा सूचना संख्या BN:1110002613 व 1110002616 में क्र.सं. 1 व 2 पर वर्णित कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं निविदा सूचना संख्या BN: 1110002614 व 1110002615 में क्र.सं. 1 व 2 पर वर्णित कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा का समस्त विवरण विभागीय वेबसाईट **https://energy.rajasthan.gov.in/rvpnl** एवं राजस्थान सरकार की वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

1. BN: 1110002613 (UBN: VPN: 2627SLOB01397)
2. BN: 1110002614 (UBN: VPN: 2627WSOB01398)
3. BN: 1110002615 (UBN: VPN: 2627WSOB01399)
4. BN: 1110002616 (UBN: VPN: 2627SLOB01401)

अधीक्षण अभियन्ता
(प्र. एवं नि.), अजमेर

राज.संवाद/सी/26/10723 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7794/2026

ठगी का मामला दर्ज

अजमेर, (निसं)। रामगंज थाना क्षेत्र में मोबाइल पर एक ऐप डाउनलोड करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। ऐप डाउनलोड करने के बाद उसके बैंक खाते से करीब 1 लाख 9 हजार रुपये से अधिक की राशि ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार सदुरु कॉलोनी, अजय नगर निवासी सुरजीत सिंहने मोबाइल में एक ऐप डाउनलोड किया था। इसके बाद उनके बैंक खाते से अलग-अलग तरीके से करीब 1.09 लाख रुपये से अधिक की राशि निकल गई। ठगी का पता चलने पर मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। रामगंज थाना पुलिस को इस संबंध में जयपुर से एसआरबी के माध्यम से जीरो नंबर की एफआईआर प्राप्त हुई। एफआईआर मिलने के बाद रामगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

घर बैठे नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगी, तीन जनों को पकड़ा

गंगापुर सिटी, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी व्हाट्सएप के जरिए लोगों को घर बैठे नौकरी का झांसा देते थे। इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस और जीएसटी के नाम पर उनसे पैसे ठगते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

थानाधिकारी सुशीला मीना के नेतृत्व में टीम ने गश्त के दौरान मीनापाड़ा निवासी अरविंद मीना उर्फ पिंकेश (20) को पकड़ा। उसके मोबाइल की जांच में 3 व्हाट्सएप ऐप मिले। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने निजी खर्चों के लिए लोगों को व्हाट्सएप पर वर्क फ्रॉम होम जॉब के मैसेज भेजता था। इसमें 7 दिन के राइटिंग प्रोजेक्ट के लिए 25 हजार, 10 दिन के लिए 40 हजार, 15 दिन के लिए 45 हजार और 26 दिन के लिए 50 हजार रुपए देने का झांसा दिया जाता था। पैसे मिलने के बाद रजिस्ट्रेशन फीस और जीएसटी के नाम पर और पैसे लेकर वे पीड़ितों से संपर्क बंद कर देते थे। पुलिस ने साइबर समन्वय पोर्टल पर मोबाइल नंबर की जांच की तो 18 सितंबर को दर्ज एक शिकायत मिली।

- व्हाट्सएप पर वर्क फ्रॉम होम जॉब के नाम पर रजिस्ट्रेशन और जीएसटी फीस वसूलते थे

शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसने करीब 5 हजार रुपए हेम सिंह मीना के गूगल-पे स्कैनर और करीब 3 हजार रुपए सौरभ कुमार मीना के फोन-पे स्कैनर में डाले थे। जांच के बाद पुलिस ने अरविंद मीना उर्फ पिंकेश के साथ हेम सिंह मीना उर्फ मोनू (19) और सौरभ कुमार मीना (19) को भी गिरफ्तार किया। तीनों के मोबाइल जब्त कर व्हाट्सएप चौट के स्क्रीनशॉट और बैंक संबंधी जानकारी जांच में शामिल की गई है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WDSC UMRAIN ZILA PARISHAD ALWAR

File no. () 283 Date: 18-09-2026

NOTICE INVITING BID
NIB NO. 04/2026-27

Bids for Construction of Anicut, anicut cum causeway, CCT, DCCT and Amrit sarover Work in MJSA 2.2 Block Thanagazi etc. Estimated value INR 230.14 Lacs [01 Package] are invited from interested bidders up to 6.00 PM, 08-10-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in/, https://sppp.rajasthan.gov.in/of the State.

NIB CODE:- WSC2627A1339
UBN:- 1. WSC2627WSOB02405

[PRAHLAD]
EXECUTIVE ENGINEER
WDSC UMRAIN

DIPR/C/16332/2026

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग, चूरू
E-mail: churu.we@rajasthan.gov.in, Phone No. 01562-250980
क्रमांक / म.अ.वि./2026/789 दिनांक : 24/09/26

विज्ञप्ति संख्या 01/2026

पुलिस जिला चूरू के पुलिस थाना तारानगर, रतनगढ़, सुजानगढ़, सरदारशहर, बीदासर, राजगढ़ एवं महिला थाना चूरू पर संचालित होने वाले महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों के संचालन हेतु महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र नियमन एवं अनुदान योजना (संशोधित) 2024 के नियम 6 के अनुसरण में नियम 7 में वर्णित पात्रताधारी गैर-शासकीय संस्थाओं से एतद्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 08.10.2026 सांय 02.00 बजे तक सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता, चूरू के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं जिसका प्रारूप, पात्रता की शर्तें तथा अधिसूचना विभागीय वेबसाइट www.wcd.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड तथा कार्यालय से भी प्राप्त किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रपत्रों के लिए कार्यालय समय में इस कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता लें

NIB-WMP2627A0104
UBN-WMP2627SL0B129

(राजेन्द्र सिंह शेखावत)
सहायक निदेशक,
महिला अधिकारिता विभाग,
चूरू

DIPR/C/16526/2026

कार्यालय अति. मुख्य अभियंता, सा.नि.वि., सम्भाग-द्वितीय, जयपुर
पी.डब्ल्यू.डी. कैम्पस, जैकब रोड, जयपुर क्लब के सामने, जयपुर
फोन :- 0141-2226537, एक्स-299, फैक्स : 0141-2226537
क्रमांक-1341 दिनांक- 22/01/28

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 29/2026-27

जयपुर-ग्रामीण जिले मे "बजट घोषणा वर्ष 2026-27 की अनुपालना में 05 पैकेजो /सड़कों के निर्माण कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं द्वारा दिनांक 05.10.2026 सायः 6.00 बजे तक अल्पकालीन निविदाऐ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबन्धित अन्य विवरण राज्य की उपापन पोर्टल (http://eproc.rajasthan.gov.in.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http://pwd.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। उपापन की अनुमानित लागत रूपये 2313.44 लाख है।

UBN - 1. PWD2627WLOB12847, 2. PWD2627WLOB12800
3. PWD2627WSOB12801, 4. PWD2627WSOB12803
5. PWD2627WSOB12805

अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता
सा.नि.वि. सम्भाग द्वितीय,
जयपुर

DIPR/C/16371/2026

कोटा में डेढ़ करोड़ का डोडा-चूरा सहित देशी पिस्तौल और कारतूस जब्त

कोटा, (निसं)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत् केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो सीबीएन टीम ने सूचना पर जिला चितौड़गढ़ बेगुं तहसील के अमरपुरा गांव में एक बाड़े पर छापामार कर एक कार से 1037.200 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया। साथ ही टीम ने एक देसी पिस्तौल, जिसमें तीन राउंड लोड थे भी बरामद किए। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि जिला चितौड़गढ़ बेगुं तहसील के अमरपुरा गांव में एक बाड़े में अवैध डोडा-चूरा से भरी एक फॉर्च्यूनर कार खड़ी है। सूचना पर सीबीएन चित्तौड़गढ़ सेल एवं सीबीएन कोटा की संयुक्त टीम गठित की गई और टीम को मौके पर भेजा गया। गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर बाड़े पर छापा मार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम के अधिकारियों को बाडे में एक कार खड़ी मिली, जिसकी तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान कार में से 56 बोरियों में कुल 1037.200 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद हुआ। साथ ही कार में एक देसी पिस्तौल तथा तीन लोडेड राउंड भी बरामद किए गए। बाड़े के मालिक की पहचान कर ली गई, हालांकि, टीम के मौके पर पहुंचने से पहले वह वहां से फरार हो गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद अवैध डोडा-चूरा एवं कार को जब्त कर लिया गया है, मामले में आगे की जांच जारी है।

वहीं केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि जिला प्रतापगढ़ के लालपुरा पीपलखेड़ी गांव में एक व्यक्ति ने अपने घर में अवैध अफीम छिपाकर रखी हुई है। उक्त सूचना पर सीबीएन कोटा और जिला अफीम अधिकारी प्रतापगढ़ डिवीजन-2 के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके पर रवाना किया गया। गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर उक्त घर पर छापा मारा। इस दौरान टीम को 9.617 किलोग्राम अवैध अफीम और 18,42,000 रुपये नकद बरामद किये और एनडीपीएस एक्ट के तहत् कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

- प्रतापगढ़ के लालपुरा पीपलखेड़ी गांव में नौ किलो अफीम और 18.42 लाख रुपये नकद बरामद किये

कोटा में सीबीएन टीम ने बाड़े में छापा मारकर अवैध डोडा-चूरा जब्त किया।

कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, चूरू (राजस्थान)
क्रमाक :- एफ 14 () सहा/क. ओ/2026/2964-68 दिनांकः- 24.09.26

निविदा आमन्त्रण सूचना

आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर के राजकाज पत्रांक 20573699 दिनांक 19.02.2025 की पालना में वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 2 (1) वित्त / एसपीएफसी / 2017 दिनांक 30.04.2018 एवं स्पष्टीकरण दिनांक 14.11.2018 के अनुसरण में फरवरी 2027 तक की समयावधि के लिए जॉब बेसिस पर एक कम्प्यूटर आपरेटर मय कम्प्यूटर सिस्टम (Man With Machine) की सेवाओं के उपापन हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बिडदाता / संवेदक जो कि राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970/ संशोधन अधिनियम 2014, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, वस्तु एवं सेवाकर (), आयकर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो, (जहाँ लागू हो) से निम्नानुसार कॉटेशन आमंत्रित किये जाते है :-

क्र. सं.	विवरण	अनुमानित लागत	बोली प्रतिभूति राशि रू.	निविदा शुल्क राशि रू.
1	1 कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन)	65000/-	1300/-	500/-

निविदा कार्यक्रम

1	निविदा प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि व समय	25.09.2026	सुबह 11 बजे
2	निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि व समय	05.10.2026	दोपहर 12 बजे
3	धरोहर राशि. निविदा शुल्क का डीडी जमा कराने की अंतिम तिथि व समय	06.10.2026	सुबह 11 बजे
4	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	06.10.2026	दोपहर 12.00 बजे
5	वितीय निविदा खोलने की तिथि व समय	पात्र बोलीदाताओं को पृथक से सूचित किया जावेगा।	

अन्य शर्ते बिड प्रपत्र के साथ संलग्न है, जो कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय में एवं नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है या एसपीपीपी पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त बिड पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त बिड दिनांक 06.10.2026 को दोपहर 12 बजे उपस्थित बिडदाता/संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी। किसी भी बिड को स्वीकार/अस्वीकार करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

NIB CODE : CCH2627A0013
UBN : CCH2627SSOB0013

(अर्पिता सोनी)
अति. जिला कलक्टर
चूरू

DIPR/C/16585/2026